क्या हैं जिनको इस मामले में प्राथमिकता दी जा रही है ?

संचार मन्त्री (श्री हेमवती नन्दन बहुगुणा) : (क) नगरों में 24
मंडियों में 25

(ख) सूची विवरण में दी गई है जो सभा पटल पर रख दिया गया है। [ग्रन्थालय में रखा गया। देखिये संख्या LT-186/71]

(ग) (i) कोई नही।

(ii) कारण—डाकघर के लिये कोई भवन इस समय निर्माणाधीन नही है।

(घ) बीकानेर डिवीजन में निम्नलिखित स्थानों पर विभागीय इमारतों का निर्माण करने की योजना है :

1. पदमपुर
2. रायसिंह नगर
3. हनुमानगढ़ जं०
4. सांगरिया
5. नोखा
6. श्रीकारनपुर
7. भाद्रा
8. हनुमानगढ़
9. देशनोक

राजस्थान के बीकानेर डिवीजन के डाक-तार कर्मचारियों के लिये क्वार्टर

374. **श्री पन्नालाल बारु पाल** : क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) राजस्थान के बीकानेर डिवीजन में प्रत्येक डाक तार-घर में अधिकारियों और कर्मचारियों की अलग-अलग कितनी संख्या है।

(ख) उनमें से कितने कर्मचारियों के पास सरकारी रिहायशी क्वार्टर है और कितने किराये के मकानों में रहते हैं ;

(ग) क्या अधिकारियों और कर्मचारियों की आवास सम्बन्धी समस्या को सुलझाने की बात को दृष्टि में रखते हुये उनके मंत्रालय का विचार रिहायशी क्वार्टरों का निर्माण कराने का है ; और

(घ) यदि हां, तो कितने क्वार्टर बनाने का विचार है और वे कहां बनाये जायेंगे ?

संचार मन्त्री (श्री हेमवती नन्दन बहुगुणा) : (क) सूचना विवरण में दी गई है जो सभा-पटल पर रख दिया गया है। [ग्रन्थालय में रखा गया। देखिये संख्या LT-187/71]

(ख) (i)

वे अधिकारी जिन्हें सरकारी रिहायशी मकान दिये गये हैं	वे कर्मचारी जिन्हें सरकारी मकान दिये गये हैं
—कोई नही—	31

(ii)

वे अधिकारी जिन्हें किराये के मकान दिये गये हैं	वे कर्मचारी जिन्हें किराये के मकान दिये गये हैं
3	51

शेष कर्मचारी स्वयं ही व्यवस्था करके मकानों में रह रहे हैं।

(ग) जी हां। बीकानेर, श्री गंगानगर और हनुमानगढ़ में।

(घ) बीकानेर में 42, श्रीगंगानगर और हनुमानगढ़ में प्लाटों के अधिग्रहण के पश्चात क्वार्टरों के निर्माण की योजना को अभी अन्तिम रूप देना बाकी है।

रूस के साथ रूई व्यापार समझौता

375. **श्री ईश्वर चौधरी** :
श्री आर० बी० बड़े :
श्री मार्तन्ड सिंह :

क्या विदेश व्यापार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या रूई के आयात के लिए रूस के साथ हाल में एक व्यापारिक समझौता किया गया है ;

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ;

(ग) क्या भारत के साथ हुए